**प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत अपर मुख्य सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित उप–समिति की बैठक दिनांक 29.10.2021 का कार्यवृत्त।**

अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पत्रांक–681/आठ–1–21–1483/2019टीसी दिनांक 28 अक्टूबर, 2021 के माध्यम से उप–समिति हेतु निदेशक, आवास बन्धु को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पत्रांक–ई–9–477/दस–2021 दिनांक 28 अक्टूबर, 2021 के माध्यम से उप–समिति हेतु वित्त नियन्त्रक, सूडा को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु नामित किया गया है। दोनों नामित अधिकारियों द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि उनको निर्णय लेने हेतु भी अधिकृत किया गया है।

मिशन निदेशक, एसएलएनए द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं एवं 150 Days Challenge हेतु चयनित नगर निकायों की 311 परियोजनाओं में 24,755 अपात्रों का विभिन्न कारणों से Curtailment/अभ्यर्पण किये जाने हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव का एस0एल0ए0सी0 द्वारा दिनांक 09.09.2021 एवं 27.10.2021 को परीक्षण कर स्वीकृतार्थ अग्रसारित किया गया है।

लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया/विस्तार) घटक हेतु 20 जनपदों की 96 नगर निकायों में 87415 आवासों की डीपीआर तैयार की गयी हैं जिन्हें एसएलएसी द्वारा दिनांक 09.09.2021 एवं 27.10.2021 को परीक्षणोपरान्त स्वीकृतार्थ अग्रसारित की गयी है।

विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त एजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् निर्णय लिये गये:–

**एजेण्डा बिन्दु सं0–01:–प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं एवं 150 Days Challenge हेतु चयनित नगर निकायों की 311 परियोजनाओं में 24,755 आवासों के Curtailment/अभ्यर्पण की स्वीकृति।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु अपात्र पाये गये लाभार्थियों का Curtailment/अभ्यर्पण किया जाना आवश्यक है, जिससे PMAY(U) Award - 150 Days Challenge में भी प्रदेश की स्थिति बेहतर हो सके। उक्त के दृष्टिगत् जनपदों द्वारा जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा के हस्ताक्षरोपरान्त अपात्रों के Curtailment/अभ्यर्पण की डी0पी0आर0 प्रेषित की गयी है, जिसमें Curtailment/अभ्यर्पण के मुख्य कारण लाभार्थी का पी0एम0ए0वाई0(यू) की गाइड लाईन के अनुसार अपात्र (निकाय सीमा से बाहर/पक्का आवास) होना, लाभार्थी का अन्य घटक में लाभ लेने हेतु पात्र/इच्छुक होना, लाभार्थी की भूमि विवादित होना/भू–स्वामित्व सम्बन्धी वांछित प्रपत्र उपलब्ध न होना, लाभार्थी योजना में लाभ लेने का इच्छुक नहीं है अथवा अन्यत्र स्थान पर चले जाना है।

उक्त के क्रम में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक में 36 जनपदों की 244 परियोजनाओं में 22,397 आवास एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) घटक में 21 जनपदों की 67 परियोजनाओं में 2358 आवास कुल 36 जनपदों की 311 परियोजनाओं में **24,755 आवासों** को Curtailment/अभ्यर्पण किये जाने हेतु जनपदों से प्राप्त डीपीआर का विवरण निम्नवत् है:–

(धनराशि रू0 करोड़ में)

| घटक | परियोजनाओं की सं0 | स्वीकृत आवास | पात्रों की सं0 | अपात्रों की सं0 | अभ्यर्पण से पूर्व परियोजना लागत | अभ्यर्पण पश्चात् परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BLC(N) | 244 | 98964 | 76567 | 22397 | 3706.253 | 2865.524 |
| BLC(E) | 67 | 8358 | 6000 | 2358 | 193.9814 | 140.9771 |
| **Total** | **311** | **107322** | **82567** | **24755** | **3900.2344** | **3006.5011** |

**BLC-N** **(Amt. in cr.)**

| District | No of Project | Sanctioned DU's | Patra | Apatra | Old Project Cost | New Project Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Agra | 2 | 525 | 477 | 48 | 17.640 | 16.027 |
| Aligarh | 11 | 1971 | 1478 | 493 | 74.898 | 56.164 |
| Auraiya | 3 | 458 | 361 | 97 | 15.375 | 12.119 |
| Ayodhya | 3 | 417 | 336 | 81 | 13.999 | 11.279 |
| Azamgarh | 20 | 2684 | 2227 | 457 | 90.182 | 74.827 |
| Badaun | 11 | 3254 | 3134 | 120 | 123.652 | 119.092 |
| Baghpat | 22 | 6316 | 5101 | 1215 | 240.530 | 194.259 |
| Banda | 3 | 1198 | 922 | 276 | 45.524 | 35.036 |
| Bara Banki | 8 | 2510 | 2025 | 485 | 84.260 | 67.979 |
| Bareilly | 11 | 3580 | 3209 | 371 | 136.040 | 121.942 |
| Basti | 5 | 756 | 663 | 93 | 28.728 | 25.194 |
| Bijnor | 3 | 637 | 477 | 160 | 24.206 | 18.126 |
| Bulandshahr | 2 | 1136 | 946 | 190 | 43.262 | 36.026 |
| Chandauli | 1 | 95 | 91 | 4 | 3.192 | 3.058 |
| Farrukhabad | 4 | 360 | 345 | 15 | 12.085 | 11.582 |
| Fatehpur | 5 | 1434 | 1155 | 279 | 48.139 | 38.773 |
| G B Nagar | 4 | 369 | 333 | 36 | 14.053 | 12.682 |
| Ghaziabad | 24 | 20164 | 14576 | 5588 | 767.021 | 554.512 |
| Ghazipur | 4 | 2094 | 1582 | 512 | 70.358 | 53.155 |
| Gonda | 2 | 709 | 440 | 269 | 26.942 | 16.720 |
| Gorakhpur | 7 | 15792 | 11066 | 4726 | 600.096 | 420.508 |
| Hamirpur | 8 | 3000 | 2619 | 381 | 114.000 | 99.522 |
| Hathras | 21 | 5040 | 2821 | 2219 | 191.520 | 107.198 |
| Jalaun | 1 | 475 | 276 | 199 | 18.089 | 10.511 |
| Kushinagar | 8 | 3131 | 2618 | 513 | 118.978 | 99.484 |
| Maharajganj | 3 | 3513 | 2939 | 574 | 133.494 | 111.682 |
| Mathura | 3 | 250 | 209 | 41 | 9.500 | 7.942 |
| Meerut | 7 | 3539 | 3306 | 233 | 134.776 | 125.902 |
| Moradabad | 3 | 1368 | 1223 | 145 | 51.984 | 46.474 |

| District | No of Project | Sanctioned DU's | Patra | Apatra | Old Project Cost | New Project Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Pilibhit | 6 | 5277 | 4363 | 914 | 200.629 | 165.880 |
| Pratapgarh | 2 | 521 | 440 | 81 | 17.490 | 14.771 |
| Prayagraj | 3 | 1015 | 895 | 120 | 34.073 | 30.045 |
| Saharanpur | 6 | 1861 | 1457 | 404 | 70.872 | 55.486 |
| Shajahanpur | 3 | 324 | 310 | 14 | 12.312 | 11.780 |
| Shamili | 12 | 2489 | 1709 | 780 | 94.787 | 65.083 |
| Unnao | 3 | 702 | 438 | 264 | 23.566 | 14.704 |
| **Total (BLC-N)** | **244** | **98964** | **76567** | **22397** | **3706.253** | **2865.524** |
| **BLC-E** | | | | | | |
| Agra | 1 | 30 | 22 | 8 | 0.595 | 0.436 |
| Aligarh | 13 | 2102 | 1598 | 504 | 48.501 | 37.024 |
| Azamgarh | 8 | 249 | 137 | 112 | 5.124 | 2.815 |
| Badaun | 4 | 344 | 322 | 22 | 8.392 | 7.875 |
| Baghpat | 4 | 193 | 129 | 64 | 4.755 | 3.178 |
| Banda | 1 | 33 | 10 | 23 | 0.813 | 0.246 |
| Bara Banki | 2 | 15 | 10 | 5 | 0.287 | 0.179 |
| Bareilly | 4 | 181 | 140 | 41 | 4.443 | 3.442 |
| Bulandshahr | 1 | 204 | 149 | 55 | 4.095 | 2.997 |
| Fatehpur | 2 | 177 | 89 | 88 | 4.465 | 2.255 |
| G B Nagar | 2 | 78 | 72 | 6 | 1.914 | 1.766 |
| Ghaziabad | 1 | 167 | 79 | 88 | 4.062 | 1.900 |
| Ghazipur | 3 | 155 | 57 | 98 | 3.696 | 1.359 |
| Gonda | 1 | 59 | 28 | 31 | 1.454 | 0.690 |
| Hathras | 4 | 343 | 154 | 189 | 7.787 | 3.387 |
| Kushinagar | 3 | 876 | 791 | 85 | 20.575 | 18.505 |
| Meerut | 3 | 182 | 0 | 182 | 3.643 | 0.000 |
| Maharajganj | 5 | 1511 | 1226 | 285 | 35.567 | 29.409 |
| Mathura | 1 | 19 | 12 | 7 | 0.468 | 0.296 |
| Meerut | 3 | 182 | 0 | 182 | 3.643 | 0.000 |
| Pilibhit | 3 | 1075 | 785 | 290 | 25.473 | 19.155 |
| Saharanpur | 1 | 365 | 190 | 175 | 7.873 | 4.061 |
| **Total (BLC-E)** | **67** | **8358** | **6000** | **2358** | **193.9814** | **140.9771** |
| **Grand Total** | **311** | **107322** | **82567** | **24755** | **3900.2344** | **3006.5011** |

इस प्रकार पूर्व में एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा 2016 परियोजनाओं में 1,57,147 अपात्रों का Curtailment/अभ्यर्पण स्वीकृत किया गया है। इस बैठक में 311 परियोजनाओं में 24,755 अपात्रों के Curtailment/अभ्यर्पण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जिसको सम्मिलित करते हुए अब तक कुल 2,327 परियोजनाओं में 1,81,902 अपात्रों का Curtailment/अभ्यर्पण प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| पूर्व में SLSMC द्वारा स्वीकृत किये जा चुके Curtailment/अभ्यर्पण | 1,57,147 |
| उप–समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत Curtailment/अभ्यर्पण | 24,755 |

| | |
|---|---|
| **कुल प्राप्त Curtailment/अभ्यर्पण** | **1,81,902** |

अवगत कराया गया कि पूर्व में SLSMC द्वारा 1,57,147 अपात्रों का Curtailment/अभ्यर्पण स्वीकृत किया जा चुका है, जिसके सापेक्ष 1,08,761 आवासों की ही नई डीपीआर स्वीकृत की गयी है। इस प्रकार स्वीकृत Curtailment/अभ्यर्पण के सापेक्ष अभी 48,386 आवासों की नई डीपीआर स्वीकृत की जानी शेष है। इसके अतिरिक्त इस बैठक में 24,755 अपात्रों का करटेलमेन्ट प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुमोदन हेतु एस0एल0एस0एम0सी0 के दिशा–निर्देशानुसार 73,141 नये लाभार्थियों की स्वीकृति की जानी है। उप–समिति के समक्ष बैठक में 87,415 नये आवासों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

अतः उपरोक्तानुसार उप–समिति द्वारा विचारोपरान्त 24,755 अपात्रों के Curtailment/अभ्यर्पण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**SLSMC द्वारा दिनांक 10.09.2021 की बैठक के कार्यवृत्त संख्या–1999/69–1–2021–14(235)/15 दिनांक 25 सितम्बर, 2021 में 1000 से अधिक आवासों का Curtailment/ अभ्यर्पण होने की दशा में सर्वे एजेन्सी (HFAPoA/PMC) एवं अपात्रों का चयन से सम्बन्धित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिये गये थे।**

इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक, एसएलएनए द्वारा अवगत कराया गया कि चूंकि प्रत्येक डीपीआर अलग–अलग संख्या में स्वीकृत है, इस कारण अपात्रों के प्रतिशत के आधार पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु पॉलिसी तैयार की गयी है। योजना के प्रारम्भ में हाऊसिंग फॉर आल–प्लान ऑफ एक्शन (HFAPoA) के कार्य हेतु चयनित संस्थाओं मै0 रूद्राभिषेक एन्टरप्राईजेज, मै0 विजन ईआईएस कन्सलटिंग प्रा0लि0, मै0 स्टेसलिस्ट सिस्टम्स, मै0 सरयूबाबू इंजी0 इण्डिया एवं मै0 सरयूबाबू इंजी0 फॉर रिसोर्स डवलपमेन्ट द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत सभी घटकों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर डिमांड सर्वे किया गया था तथा प्राप्त आवेदन पत्रों का प्रमाणीकरण कर हाऊसिंग फार ऑल–प्लान ऑफ एक्शन तैयार कर प्रस्तुत किया गया था।

एच0एफ0ए0पी0ओ0ए0 कंसलटेंट द्वारा अनुबन्ध में वर्णित समस्त नगर निकायों के प्लान ऑफ एक्शन तैयार कर प्रस्तुत कर दिये गये है, जिन्हें भारत सरकार द्वारा स्वीकृत भी किया जा चुका है। 38वी सीएसएमसी तक स्वीकृत डीपीआर एच0एफ0ए0पी0ओ0ए0 कंसलटेंट द्वारा किये गये डिमाण्ड सर्वे/प्रमाणीकरण के उपरान्त उपलब्ध कराये गये डाटा के आधार पर डीपीआर कन्सलटेन्टस द्वारा तैयार की गयी, जिन्हें भारत सरकार से स्वीकृत कराया गया। एच0एफ0ए0पी0ओ0ए0 संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा में जाँचोपरान्त लगभग 19 से 35 प्रतिशत अपात्र पाये गये है, जिस कारण अपात्रों का करटेलमेन्ट/अभ्यर्पण किया जा रहा है। अतः उपरोक्त के दृष्टिगत् इन संस्थाओं को उत्तरदायी मानते हुए पूर्व में रोके गये 10 प्रतिशत भुगतान की दण्ड (Penalty) स्वरूप कटौती किये जाने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में किसी भी जनपद/नगर निकाय में एच0एफ0ए0पी0ओ0ए0 कंसलटेंट द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त डीपीआर कन्सलटेन्ट्स द्वारा तैयार की गयी डीपीआर में अपात्रों हेतु भुगतान अदेय होगा। डीपीआर कन्सलटेन्ट्स के साथ किए गए अनुबन्ध के बिन्दु संख्या–6.2 Penalty तथा 6.3 Action for deficiency in services के दृष्टिगत् ऐसे जनपद, जिनमें अपात्रों की संख्या कुल स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 10 प्रतिशत से अधिक है, उन जनपदों में डीपीआर संस्थाओं को उत्तरदायी मानते हुए अपात्रों की डीपीआर धनराशि का 20 प्रतिशत दण्ड स्वरूप (Penalty) कटौती किये जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे जनपद, जिनमें अपात्रों की संख्या कुल स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 10 प्रतिशत से

कम है, उसको मानवीय त्रुटि मानते हुए कटौती से मुक्त रखा गया है। संस्था को अपात्रों का कोई भुगतान देय नही है। साथ ही अनुबन्ध के बिन्दु सं0–6.5 Warning/Debarring के अनुसार, जिन जनपदों में किसी संस्था द्वारा प्रेषित DPRs में 25 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी अपात्र पाये गये हैं, (overall) जिनका Curtailment/अभ्यर्पण किया जा रहा है, उन जनपदों में उपरोक्तानुसार भुगतान में से कटौती के अतिरिक्त कार्यरत डीपीआर संस्था (DPR Consultant) को सम्बन्धित जनपद में 150 Days Challenge (दि0 19.11.2021) पूर्ण होने के बाद आगे कार्य हेतु डिबार किया जायेगा। कन्सलटेन्टवार एवं जनपदवार विवरण निम्नवत् है:–

| DPR Consultant | District | Sanctioned DU's | Apatra | Apatra % | DPR Rate | Penalty Amount (20% of Apatra) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Arinem | Ghaziabad | 3389 | 563 | 17% | 3750 | 4,22,250 |
| Arinem | Hapur | 102 | 49 | 48% | 3750 | 36,750 |
| Arinem | Hardoi | 1374 | 154 | 11% | 3750 | 1,15,500 |
| Arinem | Jhansi | 1583 | 204 | 13% | 179 | 7,303 |
| Arinem | Lakhimpur Kheri | 3504 | 320 | 9% | 3750 | - |
| Arinem | Meerut | 2043 | 95 | 5% | 3750 | - |
| Arinem | Pilibhit | 3235 | 318 | 10% | 3699 | - |
| Arinem | Rae Bareli | 1052 | 185 | 18% | 3750 | 1,38,750 |
| **Total** | | **16282** | **1888** | **12%** | | **7,20,553** |
| CREATIVE | Azamgarh | 2508 | 715 | 29% | 3290 | 4,70,470 |
| CREATIVE | Bahraich | 2022 | 431 | 21% | 3600 | 3,10,320 |
| CREATIVE | Ballia | 929 | 242 | 26% | 3290 | 1,59,236 |
| CREATIVE | Basti | 512 | 84 | 16% | 3658 | 61,454 |
| CREATIVE | Bijnor | 4071 | 734 | 18% | 3705 | 5,43,894 |
| CREATIVE | Deoria | 719 | 109 | 15% | 3699 | 80,638 |
| CREATIVE | Gonda | 3951 | 1296 | 33% | 3600 | 9,33,120 |
| CREATIVE | Hathras | 358 | 114 | 32% | 2000 | 45,600 |
| CREATIVE | Mau | 1961 | 235 | 12% | 3290 | 1,54,630 |
| CREATIVE | Moradabad | 2146 | 282 | 13% | 3580 | 2,01,912 |
| CREATIVE | Sant Kabir Nagar | 1636 | 190 | 12% | 3658 | 1,39,004 |
| CREATIVE | Siddharthnagar | 5927 | 1373 | 23% | 3658 | 10,04,487 |
| **Total** | | **26740** | **5805** | **22%** | | **41,04,765** |
| Hi-Tech Builder | Banda | 3825 | 710 | 19% | 3100 | 4,40,200 |
| Hi-Tech Builder | Kaushambi | 591 | 55 | 9% | 3100 | - |
| Hi-Tech Builder | Pratapgarh | 824 | 54 | 7% | 3100 | - |
| Hi-Tech Builder | Prayagraj | 2320 | 363 | 16% | 3100 | 2,25,060 |
| **Total** | | **7560** | **1182** | **16%** | | **6,65,260** |
| Jayas A Dalal | Bareilly | 464 | 25 | 5% | 3699 | - |
| Jayas A Dalal | Etah | 940 | 107 | 11% | 2000 | 42,800 |
| Jayas A Dalal | Ghaziabad | 12915 | 4183 | 32% | 3114 | 26,05,172 |
| Jayas A Dalal | Hathras | 812 | 310 | 38% | 2000 | 1,24,000 |
| Jayas A Dalal | Mainpuri | 1220 | 352 | 29% | 2000 | 1,40,800 |
| **Total** | | **16351** | **4977** | **30%** | | **29,12,772** |
| SBENG | Agra | 1949 | 296 | 15% | 3699 | 2,18,981 |
| SBENG | Chandauli | 95 | 4 | 4% | 3699 | - |
| SBENG | Ghazipur | 153 | 19 | 12% | 3699 | 14,056 |
| SBENG | Gorakhpur | 12525 | 3897 | 31% | 3699 | 28,83,001 |
| SBENG | Jaunpur | 1150 | 163 | 14% | 3699 | 1,20,587 |

| DPR Consultant | District | Sanctioned DU's | Apatra | Apatra % | DPR Rate | Penalty Amount (20% of Apatra) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SBENG | Kushinagar | 6486 | 1141 | 18% | 3699 | 8,44,112 |
| SBENG | Maharajganj | 7306 | 1068 | 15% | 3699 | 7,90,106 |
| SBENG | Mainpuri | 3265 | 1089 | 33% | 3699 | 8,05,642 |
| SBENG | Mathura | 1233 | 121 | 10% | 3699 | - |
| SBENG | Varanasi | 17781 | 5799 | 33% | 3699 | 42,90,100 |
| **Total** | | **51943** | **13597** | **26%** | | **99,66,586** |
| SBENG RED | Aligarh | 2074 | 506 | 24% | 3699 | 3,74,339 |
| SBENG RED | Bareilly | 3238 | 371 | 11% | 3699 | 2,74,466 |
| SBENG RED | Budaun | 2195 | 63 | 3% | 3699 | - |
| SBENG RED | Hathras | 681 | 390 | 57% | 3699 | 2,88,522 |
| SBENG RED | Kasganj | 1946 | 255 | 13% | 3699 | 1,88,649 |
| SBENG RED | Pilibhit | 5920 | 999 | 17% | 3699 | 7,39,060 |
| SBENG RED | Shahjahanpur | 1101 | 49 | 4% | 3699 | - |
| SBENG RED | Sonbhadra | 2624 | 577 | 22% | 3699 | 4,26,865 |
| **Total** | | **19779** | **3210** | **16%** | | **22,91,900** |
| Snow Fountain | Auraiya | 374 | 87 | 23% | 3740 | 65,076 |
| Snow Fountain | Ayodhya | 542 | 109 | 20% | 3730 | 81,314 |
| Snow Fountain | Bara Banki | 3524 | 715 | 20% | 3730 | 5,33,390 |
| Snow Fountain | Etawah | 802 | 130 | 16% | 3740 | 97,240 |
| Snow Fountain | Farrukhabad | 2476 | 259 | 10% | 3740 | - |
| Snow Fountain | Fatehpur | 1256 | 271 | 22% | 3730 | 2,02,166 |
| Snow Fountain | Hardoi | 4111 | 236 | 6% | 3725 | - |
| Snow Fountain | Kannauj | 607 | 10 | 2% | 3740 | - |
| Snow Fountain | Kanpur Dehat | 813 | 327 | 40% | 3740 | 2,44,596 |
| Snow Fountain | Kanpur Nagar | 2184 | 330 | 15% | 3740 | 2,46,840 |
| Snow Fountain | Kaushambi | 1609 | 106 | 7% | 3730 | - |
| Snow Fountain | Lakhimpur Kheri | 3286 | 531 | 16% | 3725 | 3,95,595 |
| Snow Fountain | Lucknow | 9852 | 1220 | 12% | 3725 | 9,08,900 |
| Snow Fountain | Pratapgarh | 2929 | 294 | 10% | 3730 | - |
| Snow Fountain | Prayagraj | 5689 | 572 | 10% | 3730 | - |
| Snow Fountain | Rae Bareli | 2544 | 482 | 19% | 3730<br>3725 | 3,59,190 |
| Snow Fountain | Sitapur | 16467 | 3130 | 19% | 3725 | 23,31,850 |
| Snow Fountain | Sultanpur | 5144 | 2083 | 40% | 3730 | 15,53,918 |
| Snow Fountain | Unnao | 6699 | 1602 | 24% | 3725 | 11,93,490 |
| **Total** | | **70908** | **12494** | **18%** | | **82,13,565** |
| Space Combine | Muzzaffarnagar | 5635 | 1466 | 26% | 3700 | 10,84,840 |
| Space Combine | Saharanpur | 6749 | 1377 | 20% | 3700 | 10,18,980 |
| Space Combine | Shamli | 11368 | 3466 | 30% | 3700 | 25,64,840 |
| **Total** | | **23752** | **6309** | **27%** | | **46,68,660** |
| WAPCOS | Baghpat | 4014 | 898 | 22% | 3705 | 6,65,418 |
| WAPCOS | Jalaun | 3977 | 702 | 18% | 179 | 25,132 |
| WAPCOS | Lalitpur | 943 | 112 | 12% | 179 | 4,010 |
| **Total** | | **8934** | **1712** | **19%** | | **6,94,559** |
| REPL | Amroha | 8736 | 3384 | 39% | 3705 | 25,07,544 |
| REPL | Baghpat | 980 | 205 | 21% | 3705 | 1,51,905 |
| REPL | Banda | 5713 | 1394 | 24% | 3705 | 10,32,954 |

| DPR Consultant | District | Sanctioned DU's | Apatra | Apatra % | DPR Rate | Penalty Amount (20% of Apatra) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| REPL | Bulandshahr | 3065 | 540 | 18% | 3705 | 4,00,140 |
| REPL | Chitrakoot | 226 | 27 | 12% | 3705 | 20,007 |
| REPL | G.B. Nagar | 287 | 17 | 6% | 3705 | - |
| REPL | Ghaziabad | 1827 | 371 | 20% | 3705 | 2,74,911 |
| REPL | Hamirpur | 3006 | 370 | 12% | 3705 | 2,74,170 |
| REPL | Meerut | 6632 | 759 | 11% | 3705 | 5,62,419 |
| REPL | Sambhal | 897 | 52 | 6% | 3705 | 38,532 |
| **Total** | | **31369** | **7119** | **23%** | | **52,24,050** |
| **Grand Total** | | **273618** | **58293** | **21%** | | **3,94,62,671** |

इस सम्बन्ध में उप–समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि Curtailment/अभ्यर्पण हेतु निर्धारित की गयी पॉलिसी के अनुसार सम्बन्धित कन्सलटेन्ट्स पर कार्यवाही के साथ–साथ, ऐसे जनपद जहाँ अपात्रों की संख्या स्वीकृत लाभार्थियों की संख्या के 25 प्रतिशत से अधिक है, वहाँ के तत्समय कार्यरत परियोजना अधिकारी, डूडा को उत्तरदायी मानते हुए विभागीय कार्यवाही की जाये। साथ ही यदि चिन्हित परियोजना अधिकारी तत्समय किसी अन्य विभाग से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे, तो ऐसी स्थिति में उनके विभाग को कार्यवाही हेतु संस्तुति की जाये। उप–समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जिन जनपदों में स्वीकृत लाभार्थियों की संख्या के 25 प्रतिशत से अधिक अपात्र हैं, उन जनपदों के जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा को अत्यन्त सावधानी एवं सजगता के साथ योजना के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से पत्र जारी किया जाये।

**एजेण्डा बिन्दु सं0–02:–लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) घटक में 20 जनपदों की 75 नगर निकायों में 73140 आवासों की डी0पी0आर0 की स्वीकृति।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया/विस्तार) घटक हेतु 20 जनपदों की 96 नगर निकायों में 87415 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जो अनुमोदनार्थ उप–समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

इस प्रकार अब तक स्वीकृत एवं बैठक में प्रस्तुत Curtailment/अभ्यर्पण (1,81,902 आवास) के सापेक्ष प्राप्त कुल नई डीपीआर का विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| एसएलएसएमसी द्वारा पूर्व में स्वीकृत Curtailment के सापेक्ष नए आवासों की डीपीआर | 1,08,761 |
| अनुमोदनार्थ प्रस्तुत Curtailment के सापेक्ष नए आवासों की डीपीआर | 87,415 |
| **Curtailment के सापेक्ष कुल प्राप्त नए आवासों की डीपीआर** | **1,96,176** |

समिति के समक्ष प्रस्तुत Curtailment/अभ्यर्पण एवं नई डीपीआर के अनुमोदनोपरान्त प्रदेश में बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत कुल आवासों की संख्या 14,84,966 हो जायेगी, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा दिनांक 15.12.2021 तक स्वीकृत आवास | 14,70,874 |
| दिनांक 15.12.2021 से अब तक प्राप्त Curtailment/अभ्यर्पण | 1,81,902 |
| दिनांक 15.12.2021 से अब तक प्राप्त नए आवासों की डीपीआर | 1,96,176 |
| **उप–समिति के अनुमोदनोपरान्त स्वीकृत आवासों की संख्या** | **14,84,966** |

उप–समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस बैठक में स्वीकृत Curtailment/अभ्यर्पण को सम्मिलित करते हुए अब तक कुल स्वीकृत Curtailment/अभ्यर्पण (1,81,902 आवास) के सापेक्ष ही नई डीपीआर स्वीकृत की जाये। अतः प्रस्तुत की गई कुल 87,415 आवासों की डीपीआर में से बी0एल0सी0(नया) घटक की 73140 आवासों की डीपीआर की स्वीकृति निम्नानुसार समिति द्वारा प्रदान की गयी:–

(i) 13 नवसृजित निकायों में 15542 आवासों की डीपीआर

(ii) 14 सीमा विस्तारित निकायों में 38057 आवासों की डीपीआर

(iii) HFA Achieved हेतु चयनित 28 निकायों में 12349 आवासों की डीपीआर

(iv) 20 अन्य निकायों में 7192 आवासों की डीपीआर

**(i) <u>नवसृजित निकायों में 15542 आवासों की डीपीआर का विवरण:–</u>**

(धनराशि रु0 लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maharajganj | Brijmanganj NP | 629 | 943.50 | 629.00 | 817.70 | 2390.20 | 4 |
| 2 | Maharajganj | Chauk Bazar NP | 3704 | 5556.00 | 3704.00 | 4815.20 | 14075.20 | 4 |
| 3 | Maharajganj | Paniyara NP | 2028 | 3042.00 | 2028.00 | 2636.40 | 7706.40 | 4 |
| 4 | Maharajganj | Partawal NP | 1589 | 2383.50 | 1589.00 | 2065.70 | 6038.20 | 4 |
| 5 | Pratapgarh | Kohdaur NP | 348 | 522.00 | 348.00 | 298.23 | 1168.23 | 3 |
| 6 | Pratapgarh | Prithviganj NP | 853 | 1279.50 | 853.00 | 731.00 | 2863.50 | 3 |
| 7 | Shahjahanpur | Nigohi NP | 2513 | 3769.50 | 2513.00 | 3266.90 | 9549.40 | 4 |
| 8 | Siddharth Nagar | Kapil Vastu NP | 319 | 478.50 | 319.00 | 414.70 | 1212.20 | 4 |
| 9 | Siddharth Nagar | Bharat Bhari NP | 597 | 895.50 | 597.00 | 776.10 | 2268.60 | 4 |
| 10 | Siddharth Nagar | Barhni Chafa NP | 1371 | 2056.50 | 1371.00 | 1782.30 | 5209.80 | 4 |
| 11 | Siddharth Nagar | Biskohar NP | 480 | 720.00 | 480.00 | 624.00 | 1824.00 | 4 |
| 12 | Siddharth Nagar | Itwa NP | 601 | 901.50 | 601.00 | 781.30 | 2283.80 | 4 |
| 13 | Sultanpur | Lambhua NP | 510 | 765.00 | 510.00 | 437.06 | 1712.06 | 3 |
| | **Total** | | **15542** | **23313.00** | **15542.00** | **19446.59** | **58301.59** | |

उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 05 जनपदों की 13 नगर निकायों में 15542 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 58,301.59 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 23,313.00 लाख, राज्यांश रु0 15,542.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 19,446.59 लाख है।

## (ii) सीमा विस्तारित निकायों में 38057 आवासों की डीपीआर का विवरण:–

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ayodhya | Ayodhya NN | 107 | 160.50 | 107.00 | 91.70 | 359.20 | 3 |
| 2 | Firozabad | Firozabad NN | 3306 | 4959.00 | 3306.00 | 2843.16 | 11108.16 | 3 |
| 3 | Gorakhpur | Gorakhpur NN | 3025 | 4537.50 | 3025.00 | 3932.50 | 11495.00 | 4 |
| 4 | Gorakhpur | Pipraich NP | 331 | 496.50 | 331.00 | 430.30 | 1257.80 | 4 |
| 5 | Maharajganj | Anandnagar NP | 873 | 1309.50 | 873.00 | 1134.90 | 3317.40 | 4 |
| 6 | Maharajganj | Maharajganj NPP | 892 | 1338.00 | 892.00 | 1159.60 | 3389.60 | 4 |
| 7 | Maharajganj | Siswa Bazar NP | 283 | 424.50 | 283.00 | 367.90 | 1075.40 | 4 |
| 8 | Mathura | Govardhan NP | 148 | 222.00 | 148.00 | 192.40 | 562.40 | 4 |
| 9 | Mathura | Mathura NN | 10326 | 15489.00 | 10326.00 | 13423.80 | 39238.80 | 4 |
| 10 | Mathura | Radhakund NP | 188 | 282.00 | 188.00 | 244.40 | 714.40 | 4 |
| 11 | Pratapgarh | Raniganj NP | 498 | 747.00 | 498.00 | 426.77 | 1671.77 | 3 |
| 12 | Sant Kabir Nagar | Mehdawal NP | 1261 | 1891.50 | 1261.00 | 1639.30 | 4791.80 | 4 |
| 13 | Siddharth Nagar | Shohratgarh NP | 571 | 856.50 | 571.00 | 742.30 | 2169.80 | 4 |
| 14 | Varanasi | Varanasi NN | 16248 | 24372.00 | 16248.00 | 13973.28 | 54593.28 | 3 |
| | **Total** | | **38057** | **57085.50** | **38057.00** | **40602.31** | **135744.81** | |

उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 08 जनपदों की 14 नगर निकायों में 38057 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रू0 1,35,744.81 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रू0 57,085.50 लाख, राज्यांश रू0 38,057.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रू0 40,602.31 लाख है।

## (iii) HFA Achieved वाली निकायों में 12349 आवासों की डीपीआर का विवरण:–

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gonda | Colonelganj NPP | 50 | 75.00 | 50.00 | 65.00 | 190.00 | 4 |
| 2 | Gonda | Gonda NPP | 387 | 580.50 | 387.00 | 503.10 | 1470.60 | 4 |
| 3 | Hamirpur | Gohand NP | 337 | 505.50 | 337.00 | 438.10 | 1280.60 | 4 |
| 4 | Hamirpur | Sarila NP | 618 | 927.00 | 618.00 | 803.40 | 2348.40 | 4 |
| 5 | Moradabad | Bhojpur Dharampur NP | 303 | 454.50 | 303.00 | 393.90 | 1151.40 | 4 |
| 6 | Muzaffarnagar | Jansath NP | 163 | 244.50 | 163.00 | 213.25 | 620.75 | 4 |
| 7 | Muzaffarnagar | Shahpur NP | 279 | 418.50 | 279.00 | 365.01 | 1062.51 | 4 |
| 8 | Sambhal | Babrala NP | 237 | 355.50 | 237.00 | 308.10 | 900.60 | 4 |
| 9 | Sambhal | Gawan NP | 247 | 370.50 | 247.00 | 321.10 | 938.60 | 4 |
| 10 | Sambhal | Gunnaur NP | 177 | 265.50 | 177.00 | 230.10 | 672.60 | 4 |
| 11 | Shamli | Ailam NP | 224 | 336.00 | 224.00 | 293.05 | 853.05 | 4 |
| 12 | Shamli | Banat NP | 311 | 466.50 | 311.00 | 406.87 | 1184.37 | 4 |
| 13 | Shamli | Jalalabad NP | 169 | 253.50 | 169.00 | 221.10 | 643.60 | 4 |
| 14 | Shamli | Jhinjhana NP | 257 | 385.50 | 257.00 | 336.22 | 978.72 | 4 |
| 15 | Shamli | Kairana NPP | 549 | 823.50 | 549.00 | 718.24 | 2090.74 | 4 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Shamli | Kandhla NPP | 344 | 516.00 | 344.00 | 450.04 | 1310.04 | 4 |
| 17 | Shamli | Thana Bhawan NP | 334 | 501.00 | 334.00 | 436.96 | 1271.96 | 4 |
| 18 | Shamli | Un NP | 85 | 127.50 | 85.00 | 111.20 | 323.70 | 4 |
| 19 | Siddharth Nagar | Barhani Bazar NP | 255 | 382.50 | 255.00 | 331.50 | 969.00 | 4 |
| 20 | Siddharth Nagar | Bansi NPP | 919 | 1378.50 | 919.00 | 1194.70 | 3492.20 | 4 |
| 21 | Sitapur | Biswan NPP | 665 | 997.50 | 665.00 | 569.89 | 2232.39 | 3 |
| 22 | Sitapur | Khairabad NPP | 895 | 1342.50 | 895.00 | 767.00 | 3004.50 | 3 |
| 23 | Sitapur | Mahmudabad NPP | 1073 | 1609.50 | 1073.00 | 919.54 | 3602.04 | 3 |
| 24 | Sitapur | Paintepur NP | 297 | 445.50 | 297.00 | 254.52 | 997.02 | 3 |
| 25 | Sitapur | Sitapur NPP | 2626 | 3939.00 | 2626.00 | 2250.43 | 8815.43 | 3 |
| 26 | Sultanpur | Dostpur NP | 31 | 46.50 | 31.00 | 26.57 | 104.07 | 3 |
| 27 | Sultanpur | Koeripur NP | 167 | 250.50 | 167.00 | 143.12 | 560.62 | 3 |
| 28 | Sultanpur | Sultanpur NPP | 350 | 525.00 | 350.00 | 299.94 | 1174.94 | 3 |
| | **Total** | | **12349** | **18523.50** | **12349.00** | **13371.95** | **44244.45** | |

उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 09 जनपदों की 28 नगर निकायों में 12349 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 44,244.45 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 18,523.50 लाख, राज्यांश रु0 12,349.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 13,371.95 लाख है।

**(iv) अन्य निकायों में 7192 आवासों की डीपीआर का विवरण:–**

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bareilly | Nawabganj NPP | 185 | 277.50 | 185.00 | 240.50 | 703.00 | 4 |
| 2 | Firozabad | Jasrana NP | 20 | 30.00 | 20.00 | 17.20 | 67.20 | 3 |
| 3 | Gorakhpur | Bansgaon NP | 409 | 613.50 | 409.00 | 531.70 | 1554.20 | 4 |
| 4 | Gorakhpur | Sahjanwan NP | 806 | 1209.00 | 806.00 | 1047.80 | 3062.80 | 4 |
| 5 | Mathura | Barsana NP | 377 | 565.50 | 377.00 | 490.10 | 1432.60 | 4 |
| 6 | Mathura | Chaumuhan NP | 308 | 462.00 | 308.00 | 400.40 | 1170.40 | 4 |
| 7 | Mathura | Kosikalan NPP | 167 | 250.50 | 167.00 | 217.10 | 634.60 | 4 |
| 8 | Mathura | Mahaban NP | 61 | 91.50 | 61.00 | 79.30 | 231.80 | 4 |
| 9 | Mathura | Nandgaon NP | 64 | 96.00 | 64.00 | 83.20 | 243.20 | 4 |
| 10 | Meerut | Harra NP | 289 | 433.50 | 289.00 | 378.09 | 1100.59 | 4 |
| 11 | Meerut | Khiwai NP | 647 | 970.50 | 647.00 | 846.52 | 2464.02 | 4 |
| 12 | Muzaffarnagar | Bhokarhedi NP | 161 | 241.50 | 161.00 | 210.63 | 613.13 | 4 |
| 13 | Muzaffarnagar | Budhana NP | 112 | 168.00 | 112.00 | 146.53 | 426.53 | 4 |
| 14 | Muzaffarnagar | Charthawal NP | 179 | 268.50 | 179.00 | 234.18 | 681.68 | 4 |
| 15 | Muzaffarnagar | Khatauli NPP | 301 | 451.50 | 301.00 | 393.79 | 1146.29 | 4 |
| 16 | Muzaffarnagar | Sisauli NP | 279 | 418.50 | 279.00 | 365.01 | 1062.51 | 4 |
| 17 | Shahjahanpur | Powayan NPP | 1050 | 1575.00 | 1050.00 | 1365.00 | 3990.00 | 4 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Siddharth Nagar | Domariyaganj NP | 671 | 1006.50 | 671.00 | 872.30 | 2549.80 | 4 |
| 19 | Siddharth Nagar | Uska Bazar NP | 166 | 249.00 | 166.00 | 215.80 | 630.80 | 4 |
| 20 | Varanasi | Ramnagar NPP | 940 | 1410.00 | 940.00 | 808.40 | 3158.40 | 3 |
| | **Total** | | **7192** | **10788.00** | **7192.00** | **8943.55** | **26923.55** | |

उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 09 जनपदों की 20 नगर निकायों में 7192 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 26,923.55 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 10,788.00 लाख, राज्यांश रु0 7,192.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 8,943.55 लाख है।

इस प्रकार कुल 75 निकायों के 73140 आवासों का विवरण निम्नवत् है:–

| EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|
| 73140 | 1,09,710.00 | 73,140.00 | 82,364.40 | 2,65,214.40 |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइडलाइन्स के अनुसार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए नये आवास हेतु अधिकतम 30 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 18 नगर निकायों में 28934 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.81 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.36 लाख है। परियोजना की कुल लागत रु0 97,192.81 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 43,401.00 लाख, राज्यांश रु0 28,934.00 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 24,857.81 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 58 नगर निकायों में 44206 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.77 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.80 लाख है। परियोजना की कुल लागत रु0 1,68,021.59 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 66,309.00 लाख, राज्यांश रु0 44,206.00 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 57,506.59 लाख है। नये आवास निर्माण के लिए रू0 1.50 लाख प्रति आवास केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास दिया जायेगा, शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 20 जनपदों की 75 नगर निकायों में 73140 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 2,65,214.40 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 1,09,710.00 लाख, राज्यांश रु0 73,140.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 82,364.40 लाख है।

उपरोक्तानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत 20 जनपदों की 75 परियोजनाओं में 73140 आवासों हेतु उप–समिति द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी।

**एजेण्डा–3:–प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास (AHP) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में केन्द्रांश की द्वितीय एवं तृतीय किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी**

**क्वालिटी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गयी Action Taken Report (ATR) के अनुमोदन पर विचार।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास (AHP) घटक के अन्तर्गत 06 प्राधिकरणों द्वारा 29वी, 31वी, 34वी, 36वी, 38वी, 39वी व 41वी CSMC तक स्वीकृत 13 परियोजनाओं में भारत सरकार से द्वितीय किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट (TPQMA) पर की गयी कार्यवाही (Action Taken Report) की आख्या उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण के हस्ताक्षरोपरान्त अनुमोदन हेतु एस0एल0एस0एम0सी0 के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी, जिनका विवरण निम्न है:-

| क्र0 सं0 | प्राधिकरण का नाम | सीएसएमसी की सं0 एवं तिथि | परियोजना का नाम | आवासों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण | 38वीं/26.09.2018 | मेरठ रोड मुजफ्फरनगर | 224 |
| 2 | लखनऊ विकास प्राधिकरण | 29वीं/27.12.2017 | बसन्तकुंज पार्ट-ए | 768 |
| | | 29वीं/27.12.2017 | बसन्तकुंज पार्ट-बी | 432 |
| | | 29वीं/27.12.2017 | बसन्तकुंज पार्ट-सी | 912 |
| | | 36वीं/24.07.2018 | शारदा नगर विस्तार | 208 |
| | | 34वीं/30.05.2018 | शारदा नगर विस्तार | 2048 |
| 3 | कानपुर विकास प्राधिकरण | 31वीं/27.02.2018 | शकरापुर योजना | 2208 |
| 4 | बरेली विकास प्राधिकरण | 36वीं/24.07.2018 | खसरा नं0-572 हमीरपुर (मे0 मोहन इन्फ्रा डेवलपर्स) | 364 |
| | | 39वीं/30.10.2018 | पुरनपुर कुंआ डांडा, बिसलपुर मार्ग (मे0 मेगा इन्फ्राड्रीम्स) | 1500 |
| | | 41वीं/27.12.2018 | घंघोरा पिपरिया (मे0 धनराज बिल्डर्स) | 480 |
| 5 | झांसी विकास प्राधिकरण | 39वीं/30.10.2018 | ग्राम करारी, ग्वालियर रोड (मे0 मैक इन्फ्रासिटी प्रा0लि0) | 1180 |
| | | 39वीं/30.10.2018 | ग्राम-अम्बावे (मे0 राधास्वामी इन्फ्रा डेवलपर्स) | 624 |
| 6 | बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण | 41वीं/27.12.2018 | खसरा नं0-2385 ग्राम रामपुरा | 160 |

उक्त के सम्बन्ध में एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा दिनांक 10.09.2021 की बैठक में ए0टी0आर0 में उल्लिखित कार्यवाही की पुष्टि विभागीय अधिशासी अभियन्ता से कराने एवं टी0पी0क्यू0एम0 रिपोर्ट में गम्भीर त्रुटियों की दशा में सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त के क्रम में उपरोक्त 06 प्राधिकरणों द्वारा कार्यवाही की पुष्टि करते हुए पत्र उपलब्ध कराये गये हैं।

इसके अतिरिक्त मेरठ विकास प्राधिकरण से 01 परियोजना की ए0टी0आर0 मुख्य अभियन्ता एवं उपाध्यक्ष के हस्ताक्षर से तथा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से 03 परियोजनाओं की ए0टी0आर0 मुख्य नगर नियोजक एवं उपाध्यक्ष के हस्ताक्षर से प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | प्राधिकरण का नाम | सीएसएमसी की सं0 एवं तिथि | परियोजना का नाम | आवासों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेरठ विकास प्राधिकरण | 29वीं/27.12.2017 | सरायकाजी गढ़ रोड | 576 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण | 39वीं / 30.10.2018 | जगदीशपुरम योजना (मै0 जय अम्बे एस्टेट प्रा0लि0) | .147 |
| | | 39वीं / 30.10.2018 | एस0सी0सी0 ब्लासम योजना (मै0 एस0सी0सी0 बिल्डर्स प्रा0लि0) | 252 |
| | | 42वीं / 30.01.2019 | मिगसन अथर्व योजना (मै0 महालक्ष्मी बिल्डटेक प्रा0लि0) | 946 |

अतः उपरोक्तानुसार पूर्व में प्रेषित 13 एवं वर्तमान में प्रस्तुत 04 कुल 17 परियोजनाओं की ए0टी0आर0 अनुमोदन हेतु उप–समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत ए0टी0आर0 का अनुमोदन किया गया एवं निर्देश दिये गये कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की मेरठ रोड परियोजना, कानपुर विकास प्राधिकरण की सकरापुर परियोजना, बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण की रामपुरा रोड परियोजना, मेरठ विकास प्राधिकरण की सरायकाजी गढ़ रोड परियोजना की टी0पी0क्यू0एम0 रिपोर्ट में उल्लिखित मजदूरों की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाये जाने के फलस्वरूप सम्बन्धित अवर अभियन्ता / सहायक अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये तथा सम्बन्धित ठेकेदार (Contractor) पर Penalty लगायी जाय।

यह भी निर्देश दिये गये कि मै0 सरटेक कन्सलटेन्ट द्वारा जनपद लखनऊ, कानपुर एवं बरेली में ए0एच0पी0 परियोजनाओं की टी0पी0क्यू0एम0 विजिट की रिपोर्ट में एक जैसी कमियाँ ही दर्शायी गयी है, जिससे प्रतीत होता है कि उनके द्वारा ठीक प्रकार से जाँच नहीं की गयी है। अतः उक्त संस्था के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वहाँ से हटाये जाने तथा अन्य टी0पी0क्यू0एम0 एजेन्सी का नियमानुसार चयन करने के निर्देश दिये गये।

8.XI.21

**(डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी)**
विशेष सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**नगरीय रोजगार एवं गरीबी**
**उन्मूलन कार्यक्रम विभाग**

संख्याः–2313 / 69–1–2021–14(235) / 15
लखनऊ : दिनांक : 08 नवम्बर, 2021

**कार्यालय–आदेश**

**उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
3. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
6. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।

**(अखिलानन्द ब्रह्मचारी)**
उप सचिव।